# Rapid Fire करेंट अफेयर्स 19 जनवरी 2023

## सेवानिवृत्त डीजी पंकज कुमार सहि बने उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

हाल ही में 17 जनवरी को बीएसएफ के सेवानिवृत्त डीजी **पंकज कुमार सहि को** दो साल की अवधि के लिये **राष्ट्रीय सुरक्षा परषिद सचिवालय में उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (Deputy National Security Adviser)** नियुक्त कयिा गया है। वे 31 दसिंबर, 2022 को BSF प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। राजस्थान कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी पंकज कुमार सहि को पुनर्नियोजन अनुबंध पर नियुक्त कयिा गया है। पंकज कुमार सहि के पास भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) अहमदाबाद से एमबीए के अलावा एलएलबी और एमफलि की डग्रिी है। वह 1959 बैच के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी प्रकाश सहि के पुत्र हैं, जन्हिोंने जून, 1993 से जनवरी, 1994 तक BSF का नेतृत्त्व भी कयिा था। सहि ने केंद्र सरकार के साथ छत्तीसगढ़ में केंद्रीय रज़िर्व पुलसि बल (CRPF) के महानरीक्षक और दलि्ली में CRPF मुख्यालय में आईजी (संचालन) के रूप में कार्य कयिा था। BSF के महानदिशक बनने से पहले उन्होंने BSF में पूर्वी सीमांत के प्रमुख के रूप में भी कार्य कयिा, जहाँ उन्होंने पश्चमि बंगाल और असम की सीमाओं के माध्यम से होने वाली पशु तस्करी को कम करने में महत्त्वपूर्ण भूमकिा नभिाई। राजस्थान के जैसलमेर में वर्ष 2021 में उन्होंने बीएसएफ का स्थापना दविस मनाने का वचिार भी पेश कयिा था। वर्तमान में सेवानिवृत्त **आईपीएस अधकिारी दत्तात्रय पडसलगकिर, पूर्व R&AW प्रमुख राजदिर खन्ना और सेवानिवृत्त आईएफएस अधकिारी पंकज सरन** भी उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में कार्य कर रहे हैं।

## दलि्ली के पुराना कलिा परसिर में फरि होगी खुदाई

**भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण** (The Archaeological Survey of India- ASI) द्वारा **दलि्ली के पुराना कलिा परसिर में फरि से खुदाई** शुरू की जाएगी। **वर्ष 2013-14 और 2017-18 में हुई खुदाई के बाद से पुराने कलि में खुदाई का यह तीसरा दौर** होगा। **नवीनतम उत्खनन** का **उद्देश्य** पछिले वर्षों में **खोदी गई खाइयों का अनावरण और संरक्षण** करना है। पछिले दौर की खुदाई में मौर्य काल से पहले की परतों के प्रमाण मलि थे।**इस बार की खुदाई में स्लेटी रंग के बर्तनों की खोज को पूरा करने पर भी ध्यान केंद्रति कयिा जाएगा** । पहले हुई खुदाई में मलिी कलाकृतयिों में नौ सौ ईसा पूर्व काल के चत्रिति स्लेटी बर्तन और मौर्य से लेकर क्रमकि रूप से शुंग, कुषाण, गुप्त, राजपूत, सल्तनत और मुगल काल तक के मटि्टी के बर्तन शामलि हैं। वहाँ मलिी वस्तुएँ जैसे- दरांती, टेराकोटा के खलिौने, भट्ठे की जली हुई ईंटें, मनके, टेराकोटा मूर्तयिाँ, मोहरे अब कलिा परसिर के भीतर पुरातत्त्व संग्रहालय में दर्शाए गए हैं। **16वीं सदी का पुराना कलिा शेर शाह सूरी और दूसरे मुगल बादशाह हुमायूँ ने बनवाया था।** पुराना कलिा उस स्थल पर स्थति है जो हज़ारों वर्ष पूर्व के इतहिास को समेटे हुए है।

## नारंगी रंग का चमगादड़

छत्तीसगढ़ के बस्तर में **कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान** के पराली बोडल गाँव में केले के बागान में एक **दुर्लभ नारंगी रंग का चमगादड़**' देखा गया, जसि **'पेंटेड बैट'** के नाम से भी जाना जाता है। भारत में यह पश्चमिी घाट, केरल, महाराष्ट्र एवं ओडशिा और अब छत्तीसगढ़ में देखा जा चुका है। यह आमतौर प**बांग्लादेश, ब्रुनेई, बरमा, कंबोडयिा, चीन, इंडोनेशयिा, मलेशयिा, नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड और वयितनाम में पाया जाता है।** इस प्रजाति के चमगादड़ की **काले और नारंगी रंग के पंख एवं उंगलयिाँ** होती हैं। ये अक्सर असामान्य रोस्टगि साइट्स जैसे- **बुनकर फचि और सनबर्ड्स, केले के पत्तों के घोंसले बनाते है** , इन चमगादड़ों को जोड़े में बसेरा करने के लयि जाना जाता है। चमगादड़ों की इस प्रजाति को वैश्वकि स्तर पर **वलिुप्तप्राय की श्रेणी** में रखा गया है। भारत में यह दुर्लभ चमगादड़ मात्र 7-8 बार ही देखा गया है।

## GMRT ने परमाणु हाइड्रोजन का पता लगाया

मैकगलि यूनवि्रसटिी, कनाडा और **IISc, बंगलूरू** के खगोलवदिों ने **जाइंट मीटरवेव रेडयिो टेलीस्कोप (Giant Metrewave Radio Telescope-GMRT)** के डेटा का उपयोग करते हुए एक अत्यंत दूर की आकाशगंगा (अब तक की सबसे अधकि दूर) में परमाणु हाइड्रोजन से उत्पन्न होने वाले रेडयिो संकेत का पता लगाया है। **परमाणु हाइड्रोजन आकाशगंगा में तारे के नरि्माण के लयि आवश्यक बुनयिादी ईंधन** है। यह 21 सेमी. तरंग दैर्ध्य की रेडयिो तरंगों का उत्सर्जन करता है, जसि GMRT जैसे **कम आवृत्ति वाले रेडयिो टेलीस्कोप का उपयोग करके पता लगाया जा सकता है।** अब तक तक 21 सेमी. उत्सर्जन के साथ पहचानी जाने वाली **सबसे दूर की आकाशगंगा z = 0.376 पर थी,** (संकेत का पता लगाने और इसके मूल उत्सर्जन के बीच के समय के अनुरूप- 4.1 बलियिन वर्ष)। **अब जो पता चला है वह रेडशफिट z = 1.29 पर है।** रेडशफि्ट वस्तु के स्थान और गति के आधार पर संकेत की तरंग दैर्ध्य में परवि्रतन का प्रतनिधित्वि करता है; z का अधकि मान कसिी दूर की वस्तु को इंगति करता है। यह पता लगाना गुरुत्त्वाकर्षण लेंसगि नामक घटना से संभव हुआ। **गुरुत्त्वाकर्षण लेंसगि** आकाशगंगाओं और आकाशगंगाओं के समूहों में पदार्थ के वतिरण की जाँच करता है एवं दूर के ब्रह्मांड के अवलोकन को सक्षम बनाता है।

और पढ़ें... [परमाणु हाइड्रोजन](), [GMRT ]()

## वायु गुणवत्ता नगिरानी हेतु AI-AQMS v1.0

हाल ही में MeitY द्वारा **वायु गुणवत्ता नगिरानी प्रणाली के लिये प्रौद्योगिकी- AI-AQMS v1.0** लॉन्च की गई। **सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटगि (C-DAC)**, कोलकाता ने पर्यावरण प्रदूषकों की नगिरानी के लिये एक बाह्य वायु गुणवत्ता नगिरानी स्टेशन वकिसति कयिा है। इसमें पर्यावरण के नरिंतर वायु गुणवत्ता वशि्लेषण के लिये **PM1.0, PM2.5, PM10.0, SO2, NO2, CO, O2, परविशीय तापमान, सापेक्ष आर्द्रता** आदजिैसे मानदंड शामलि हैं।

और पढ़ें... [वायु गुणवत्ता की नगिरानी]()

## बायोसेंसगि आधारति EDC डटिेक्शन प्रणाली

**MeitY** ने हाल ही में जलीय पारस्थितिकि तंत्र में **अंत:स्रावी अवरोध रसायन (EDC)** का पता लगाने के लिये बायोसेंसगि प्रणाली हेतु प्रौद्योगिकी लॉन्च की है। जल नकिायों में EDC सामग्री के गुणात्मक और मात्रात्मक वशि्लेषण के लिये **ICAR-CIFRI के सहयोग से C-DAC, कोलकाता** द्वारा प्रौद्योगिकी वकिसति की गई है। अंत:स्रावी अवरोधक वे रसायन होते हैं जो शरीर की अंत:स्रावी प्रणाली में हस्तक्षेप कर सकते हैं और मानव तथा वन्यजीव दोनों में प्रतकिूल वकिासात्मक, प्रजनन, न्यूरोलॉजकिल और प्रतरिक्षा प्रभाव पैदा कर सकते हैं।

और पढ़ें... [अंत:स्रावी अवरोधक]()

## ऋण हानि प्रावधान

RBI ने हाल ही में बैंकों द्वारा **'हानि-आधारति' अनुमानति दृष्टकोिण के प्रावधान** को अपनाने के लिये एक रूपरेखा का प्रस्ताव दयिा है। वैश्वकि मानकों के अनुसार, वर्तमान में बैंकों को **'हानि' दृष्टकोिण के आधार पर** ऋण हानि प्रावधान करने की आवश्यकता होती है। यह एक अधकि **अग्रगामी 'अपेक्षति क्रेडटि लॉस' युक्त दृष्टकोिण** होगा। प्रस्तावति ढाँचे के तहत **बैंकों को वत्तिीय परसिंपत्तयिों** (प्राथमकि ऋण और नविश) को मूल्यांकति करने हेतु क्रेडटि नुकसान के आधार पर तीन श्रेणयिों में से एक में वर्गीकृत करने की आवश्यकता होगी-**चरण 1, चरण 2 और चरण 3**। **ऋण हानि प्रावधान- यह एक ऐसा व्यय है जो बैंक बकाया ऋणों के लिये अलग से रखते हैं।** बैंक अपने पोर्टफोलयिो में सभी ऋणों में से अनुमानति ऋण पुनर्भुगतान का एक हसि्सा अलग से रखते हैं ताकि नुकसान को पूरी तरह से या आंशकि रूप से कवर कयिा जा सके। नुकसान की स्थति में अपने नकदी प्रवाह में नुकसान उठाने की बजाय बैंक नुकसान की पूर्ति के लिये अपने ऋण हानि संचय (कोष) का उपयोग कर सकता है।

और पढ़ें... [भारतीय रज़िर्व बैंक]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-19-january-2023